हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 309 देहरादून, शनिवार, 03 जून, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पीएम मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत का मान सम्मान बढ़ा : सीएम धामी 3

# सीएम धामी ने चम्पावत में सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में जोड़ मेले का किया शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चम्पावत में सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के श्री रीठा साहिब पहुचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री रीठा साहिब गुरुद्वारा दरबार मे मत्था टेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने श्री रीठा साहिब में आयोजित जोड़ मेले की सभी को लख-लख बधाइयां देते हुए कहा की मेरी प्रार्थना है कि यह मेला सभी के जीवन में नव तरंग, नव उमंग और नवसृजन लेकर आए। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज मुख्य सेवक के रूप में रीठा साहिब जैसे पवित्र स्थल पर अरदास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में कहा गया है कि जितने बैसन साध जन, सो थान सुहन्दा अर्थात जहाँ महापुरुषों के चरण पड़ते हैं वह स्थान तीर्थ बन जाता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, बताया जाता है कि वर्ष 1501 में श्री गुरु नानक देव जी अपने शिष्य मरदाना के साथ रीठा साहिब आए तो इस दौरान उनकी मुलाकात सिद्ध मंडली महंत गुरु गोरखनाथ के शिष्य ढेरनाथ से हुई। जब गुरु नानक जी महाराज और ढेरनाथ के बीच लंबा संवाद चल रहा था, तभी शिष्य मरदाना को भूख लगी। जब भोजन ना मिला तो फिर निराश होकर श्री गुरु नानक देव के पास पहुंचा। गुरु नानक देव जी ने शिष्य के सामने रीठे के पेड़ को छूकर खाने का आदेश दिया। रीठा कड़वा होता है, जानकर भी मरदाना ने गुरु के आदेश का पालन करते हुए जैसे ही एक रीठे को खाया, रीठे के फल को मीठा पाया। तब से इस स्थान का नाम रीठा साहिब पड़ गया और तभी से यहां पर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भी मीठा रीठा बांटा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रीठा साहिब ऐसा दिव्य स्थान है जहां गुरुनानक देव जी ने सत्संग कर कड़वे रीठे में मिठास भर कर दुनिया को प्रेम, सेवा व समर्पण का संदेश दिया था। जैसी अनुभूति आप सभी को कार सेवा के समय होती है, वैसी ही अनुभूति आज मुझे 'जोड़ मेले' में आप सबके बीच उपस्थित होकर हो रही है। उन्होंने कहा कि आज इस पवित्र अवसर पर आप सभी लोगों के द्वारा मुझे दिया गया सम्मान मेरे लिए महज सम्मान नहीं, बल्कि हमारी सांझी संस्कृति के तेज, त्याग और तपस्या का प्रसाद है, यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि प्रदेश की समस्त जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं आज इस सम्मान को, इस गौरव को गुरु नानक देव जी के चरणों में समर्पित करता हूँ एवं गुरुनानक साहब जी के चरणों में नमन करते हुए नम्रतापूर्वक यही प्रार्थना करता हूँ कि मेरे भीतर का सेवाभाव दिनों दिन बढ़ता रहे और उनका आशीर्वाद ऐसे ही मुझ पर तथा प्रदेश की सवा करोड़ जनता पर बना रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी लोक संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का काम करते हैं। पहले जब संचार और परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, तो इन मेलों और त्यौहारों के द्वारा ही मित्रों और सगे- संबंधियों से मुलाकात संभव हो पाती थी। गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं में 'इक ओंकार सत नाम' का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है। भलाई के मार्ग पर चलने के साथ-साथ करुणा, न्याय और समानता की भावना को प्रदर्शित करने वाली उनकी शिक्षाएं सारी मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी के 'नाम जपो, कीरत करो' के संदेश में उनकी सभी शिक्षाओं का सार है। उनकी पवित्र शिक्षाएं समस्त मानवजाति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं तथा समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज के पवित्र उपदेश बंधुता और सौहार्द की भावना के साथ ही हमें जीवन को सकारात्मक रूप से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसम्मान पर आधारित जीवन जीने का बोध कराया है तथा भारतीय समाज और संस्कृति को एक नयी ऊर्जा और चेतना दी। उनका आध्यात्मिख्

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी के इस चमत्कारिक शक्ति केन्द्र रीठा साहिब के अलावा गुरु गोविंद सिंह जी की दिव्य तपस्थली हेमकुंट साहिब, नानकमत्ता साहिब और गुरु परम्परा के अनेक पवित्र स्थल इस उत्तराखण्ड की धरती पर गुरु महाराज की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उत्तराखण्ड में स्थित इन पवित्र सिक्ख तीर्थ स्थानों पर मत्था टेकने की हर संगत की आस होती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय में स्थित गुरुओं के पावन द्वार हेमकुंट साहिब की यात्रा का संकल्प लेकर भी अनेक स्थानों से हर साल बड़ी संख्या में संगत हेमकुंट साहिब की यात्रा पर उत्तराखण्ड आती है। उन्होंने कहा कि पहले हेमकुंट साहिब की यह यात्रा कठिन लगती थी पर अब पहाड़ों पर सड़कों के विस्तार हो जाने से सुविधा-जनक हो गयी है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए प्रसन्न्ता का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हेमकुंट साहिब तक रोपवे का निर्माण किया जा रहा हैं। अब दुनियाभर से सिक्ख श्रद्धालु हेमकुंट साहिब के दर्शन सुविधा-पूर्वक कर पायेंगे। यह प्रधानमंत्री जी के ही कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है कि आज कर-तारपुर कॉरिडोर प्रारंभ करने जैसा कठिन कार्य पूर्ण हो पाया और सिख समाज की जो वर्षों पुरानी मुराद थी वो पूरी हो पाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ओर जहां 26 दिसंबर को गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए पहली बार 'वीर बाल दिवस' मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। वहीं दूसरी ओर गुरू तेग बहादुर जी की जयंती पर सूर्यास्त के बाद लाल किले से जनता को संबोधित कर इतिहास रचने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि आज हम सब इस पावन पर्व पर गुरुओं की पवित्र शिक्षाओं पर अटूट श्रद्धा और दृढ़ विश्वास के साथ पवित्र परम्पराओं को आगे बढाने का संकल्प लें, साथ ही गुरु महाराज के बताये गये मार्ग पर न्यायपूर्ण, समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज के सपने को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रयास करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को लेकर निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे इस संकल्प की पूर्ति में प्रदेश की जनता का सहयोग हमें इसी प्रकार मिलता रहेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रीठासाहिब में लधिया नदी में मोटर पुल के निर्माण की घोषणा की गई। गुरुद्वारा में मत्था टेकने के पश्चात मुख्यमंत्री जी ने उससे लगे गुरु गोरखनाथ मन्दिर में भी दर्शन कर आशिर्वाद लिया तथा प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इससे पूर्व जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गाज चन्योली पहुँचने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान वहां आयोजित कार्यक्रम में नंदा कान्वेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाकर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंपावत प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, चाहे वह फलों के क्षेत्र में हो, साइंस सिटी के क्षेत्र में हो या शिक्षा आदि के क्षेत्र में हो। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनपद का सुदूरवर्ती क्षेत्र भी हर क्षेत्र में विकास की धारा से जुड़े और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुचें। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को रखा गया। मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं पर आश्वासन दिया गया कि उनकी मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिये शीध्र प्रयास किये जायेंगे।इस अवसर पर कार सेवा प्रमुख बाबा बचन सिंह, बाबा सुरेन्द्र सिंह,बाबा तरसेम सिंह जी, गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, बाबा जसविंदर सिंह, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा निर्मल महरा, देश विदेश से आए श्रद्धालु, विभिन्न जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बदलेगा मौसम, कल से राजधानी में चढ़ेगा पारा

देहरादून। इस साल मार्च, अप्रैल और मई में कई बार मौसम ने करवट ली। पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हुई बारिश के चलते तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। देहरादून में प्री मानसून में 155.4 एमएम बारिश होती है। जबकि इस साल यह आंकड़ा सामान्य से कई गुना अधिक रहा।

भले ही इस साल कई बार मौसम बदलने से दूनवासियों को गर्मी से राहत मिली हो। लेकिन, कल यानी तीन जून से दून की गर्मी का पारा चढने की संभावना है। मौसम विभाग ने तीन जून से 20 जून तक तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान लगाया है।


जबकि आज यानी शुक्रवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस साल मार्च, अप्रैल और मई में कई बार मौसम ने करवट ली। पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हुई बारिश के चलते तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि इस बार प्री मानसून में सामान्य से अधिक बारिश होने के चलते गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अब तीन से 20 जून तक दून में अच्छी गर्मी पडने के आसार हैं।

24 से 31 मई तक सिर्फ देहरादून में 35.9 एमएम बारिश हुई

उन्होंने बताया कि देहरादून में प्री मानसून में 155.4 एमएम बारिश होती है। जबकि इस साल यह आंकड़ा सामान्य से कई गुना अधिक रहा। एक सप्ताह के आंकड़े देखें तो 24 से 31 मई तक सिर्फ देहरादून में 35.9 एमएम बारिश हुई। जबकि सामान्य तौर पर 11.3 एमएम बारिश होनी चाहिए थी।

देहरादून का तापमान
अधिकतमः 33 डिग्री
न्यूनतमः 20 डिग्री
सूर्यादय : 5:17
सूर्यास्तः 07:16



# धनोल्टी विधानसभा पहुंचने पर ढोल दमोऊं से हुआ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण का स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण आज से अपने दो दिवसीय जिला उत्तरकाशी प्रवास पर है इस दौरान वे गंगोत्री धाम के दर्शन भी करेगी। विधानसभा धनोल्टी पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने ढोल दमोऊं और फूल मालाओं से विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण का जोरदार स्वागत किया।विधानसभा धनोल्टी के वन विश्राम भवन में विधानसभा अध्यक्ष के साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उनसे भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों से विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण को अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से थत्यूड़ में केंद्रीय विद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना के साथ ही क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को स्वीकृति कराने का ज्ञापन सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। इस



दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया।इस दौरान भाजपा जौनपुर मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रावत जिला पंचायत सदस्य मनवीर बेतवात अभिलाष कुमार मंडल महामंत्री सुनीत थपलियाल अब्बल सिंह पवार ग्राम प्रधान धनोल्टी नीरज बेलवात इको पार्क सचिव मनोज उनियाल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य तपेंद्र सिंह बेलवाल कुलदीप नेगी मंडल मीडिया प्रमुख रघुवीर रमीता एवं बूथ अध्यक्ष मुकेश गुसाई रमेश विष्ट विपुल बेलवात बचन सिंह रावत श्याम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने मसूरी माल रोड सुधारीकरण कार्य देखे, डीएम सोनिका ने कहा, जल्द पूरे होंगे कार्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्य सचिव एस एस संधू ने आज मसूरी माल सौन्दर्यकरण के कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मॉल रोड का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे।मुख्य सचिव द्वारा लाइब्रेरी का पिक्चर पेलासेट, माल रोड का निरीक्षण किया गया।मुख्य सचिव ने कहा कि माल रोड के सुधारीकरण के कार्य में थोड़ा विलंब हुआ है लेकिन अधिकारियों को तय समय पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने सभी विभागों के आदिकारियों को तालमेल से कार्य करते हुए जल्द ही सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर जिलाधिकारी सोनिका ने कहा कि कार्य में विलंब हुआ है और निरंतर बरसात होने से कार्य में बाधा आती रही है लेकिन



15 दिनों के भीतर माल रोड का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।इस अवसर पर उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण बंशीधर तिवारी ने कहा कि माल रोड के सुधारीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग को धनराशि जारी कर दी गई है। कहा कि सड़कों को लेकर योजना बनाई जाएगी।

# एसएसपी हरिद्वार की अचूक कार्यशैली, पड़ रही अपराधियों पर भारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चोरी किए गए वाहनों को बरामद करने व इन घटनाओं में लिप्त विभिन्न गिरोह से पर्दा उठाने के लिए SSP हरिद्वार अजय सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दोपहिया वाहनों की चोरी के अभ्यस्त गिरोह के 04 सदस्यों को दबोचकर विभिन्न क्षेत्र से चोरी की गई 12 मोटरसाइकिल बरामद की हैं।कल इकबालपुर कुंजा रोड स्थित महालक्ष्मी भट्टे के पास चेकिंग अभियान चलाकर 02 मोटर साईकिल पर सवार 04 संदिग्ध को दबोचा। गंभीर रूप से पूछताछ करने पर जानकारी मिली की उक्त दोनों मोटरसाइकिल चोरी की हैं। युवकों की निशानदेही पर ग्राम बेहड़की सहदाबाद से अन्य 10 अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद हुई।कुल 12 मोटरसाइकिल में 02 थाना झबरेडा से, 03 सिविल लाईन कोतवाली रुडकी से, 01 कोतवाली मंगलौर से, 01 थाना नागल से चुराई गई हैं। शेष 05 मोटरसाइकिल की जानकारी की जा रही है। नशे के आदी अभियुक्त उक्त मोटर साईकिल को सस्ते दामों में बेचकर अपना खर्चा चलाते थे।

## ईओ को पत्र भेजकर की सफाई कराने की मांग

काशीपुर। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत गंगूवाला नहर और सडक़ के किनारे लंबे समय से गंदगी पड़ी है। जिसे अब तक नहीं हटाया गया है। इससे नाराज लोगों ने ईओ को पत्र भेजकर सफाई कराने की मांग की। शुक्रवार को गंगूवाला माइनर, कलियावाला मोड़, पेट्रोल पंप व उसके आसपास के लोगों ने नगर पालिका ईओ को पत्र भेजा। उन्होंने कहा मौके पर कूड़ा-करकट, गंदगी की स्थिति बनी रहती है। कूड़ा उठाने को पालिका की गाड़ी या कर्मचारी नहीं आता है। साथ ही कूड़ा डालने को पालिका ने डस्टबिन भी नहीं रखे है। कूड़े से सडक़ किनारे बनी नालियां भी बंद हो चुकी हैं। इससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने ईओ से सफाई कराने की मांग की। यहां चंद्रदीप बिश्नोई, राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, नईम अहमद, धर्मवीर सिंह, परवेज इकबाल, नईम हुसैन, संजीव कुमार, नफीस अहमद, अंकित वर्मा, बलराम सिंह, जावेद, अनीस अहमद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुनील राठी और जीवा गैंग के गुर्गों समेत टॉप 50 बदमाशों की सूची तैयार

देहरादून। पिछले दिनों डीजीपी अशोक कुमार ने एसटीएफ को टॉप-50 बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए एसटीएफ बीते तीन माह से मंथन कर रही थी। पुलिस ने सुनील राठी, संजीव जीवा, चीनू पंडित आदि कुख्यातों की गैंग के गुर्गों समेत टॉप-50 बदमाशों की सूची एसटीएफ ने तैयार कर ली है। इन बदमाशों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ ने इनकी निगरानी के लिए टीमें भी गठित की हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से कई अब भी रंगदारी मांगने आदि अपराधों में पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं। इनमें से जल्द ही कुछ को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। बता दें कि पिछले दिनों डीजीपी अशोक कुमार ने एसटीएफ को टॉप-50 बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए एसटीएफ बीते तीन माह से मंथन कर रही थी। संजीव जीवा, सुनील राठी, चीनू पंडित जैसे अपराधी एक समय में प्रदेश में सक्रिय रहे हैं। उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में मुकदमे दर्ज हैं। इस वक्त ये बदमाश विभिन्न जेलों में बंद हैं, लेकिन देखा गया है कि इनकी गैंग के गुर्गे अब भी सक्रिय हैं। समय-समय पर इन बदमाशों के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले सामने आते रहते हैं। बीते दिनों हरिद्वार जेल में भी सुनील राठी के नाम से रंगदारी मांगी गई थी। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि सूची तैयार कर ली गई है। अलग-अलग जिलों में रह रहे इन बदमाशों की निगरानी के लिए टीमें भी गठित कर ली गई हैं। कुछ बदमाशों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सक्रिय होते ही इन बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा। इन बदमाशों के खिलाफ पहले से मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में वह विभिन्न न्यायालयों से जमानत पाए हुए हैं।

### कर्मचारियों और पेंशनर्स के डीए में में चार प्रतिशत की बढोत्तरी

देहरादून। उत्तराखंड के राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई भत्ता-डीए का अब पहले से ज्यादा लाभ मिलने वाला है। उत्तराखंड सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के डीए में बढ़ोत्री कर दी है। कर्मचारियों और पेंशनर्स के डीए में में चार प्रतिशत की बढोत्तरी का आदेश जारी हो गया।

अब से कार्मिकों डीए बढक़र 42 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश के करीब तीन लाख कर्मचारी और पेंशनर्स को इसका लाभ मिलेगा। शुक्रवार शाम वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने डीए बढोत्तरी के आदेश जारी किए। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बीती 22 मई को डीए बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। संशोधित डीए एक जनवरी 2023 से मान्य होगा। वित्त सचिव के अनुसार यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सदस्य और सार्वजनिक उपक्रम आदि के कार्मिकों पर स्वतः लागू नहीं होंगे। उनके लिए संबन्धित विभाग अलग से आदेश करेंगे। डीए राज्य के अधीन कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को भी अनुमन्य होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे, राजकीय शिक्षक संघ के महामंत्री सोहन सिंह माजिला ने डीए के लिए सरकार का आभार जताया।

### अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी दबोचा

काशीपुर। पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में पैगा पुलिस चौकी ने अवैध अस्लाहों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने महिपाल सिंह पुत्र नेतराम सिंह निवासी तरफ दलपत थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद को अलीगंज रोड से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस बरामद हुआ है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा आरोपी किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। उसका आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

### फैक्ट्री कर्मचारियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया

काशीपुर। फायर कर्मियों ने एक फैक्ट्री में पहुंचकर कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीके बताए। शुक्रवार को एफएसओ महेश चंद्र अपनी टीम के साथ नेक्टाफ्रेश एग्रो फूड राजपुर में पहुंचे। उन्होंने फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाएं चेक की। साथ ही फायर ऑडिट किया। डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से फैक्ट्री कर्मचारियों को फायर उपकरण चलाने एवं कृत्रिम आग लगाकर आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया। यहां संदीप कुमार, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जायरीनों का दूसरा जत्था भी सऊदी रवाना

काशीपुर। हज यात्रा के लिए जायरीनों का दूसरा जत्था भी सऊदी अरब को रवाना हो गया है। यात्रियों के अपनों ने उन्हें दिल्ली तक जाकर विदाई दी। बता दें नगर एवं देहात से इस साल 64 महिला-पुरुष हज के लिए गए हैं। गुरुवार को जसपुर के जायरीनों का पहला जत्था सऊदी चला गया है। जबकि शुक्रवार को दूसरे जत्थे की फ्लाइट हुई। इसमे छीपी बिरादरी सदर अनीस अहमद समेत कई लोग शामिल रहे। इससे पहले लोगों ने जायरीनों के घर जाकर उनसे अपने हक में दुआ कराने की अपील की। वहीं, यात्रियों के अपने लोग उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट तक छोडने गए।

### बाजपुर एसडीएम कोर्ट में कांग्रेसियों ने दिया धरना

काशीपुर। अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित लोगों के पुनर्वास समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर सडक़ों पर उतरने की चेतावनी दी। शुक्रवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी के नेतृत्व में ब?ी संख्या में लोग एसडीएम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लाडी ने कहा भाजपा शासन में जनता का हाल बेहाल है। लोगों को बेघर किया जा रहा है। भाजपा के मंत्री और विधायक जनता को गुमराह कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार अक्षय भट्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्रीय मांग पत्र भेजा। जिसमें पंजाब एवं हरियाणा की तर्ज पर उत्तराखंड में भी गन्ने का भुगतान करने, गेहूं की फसल नष्ट होने का 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से किसान को भुगतान करने, किसानों का बिजली बिल माफ करने, बाजपुर के 20 गांव की भूमि के मामले का निस्तारण करने, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 500 रुपये करने की मांग की है। यहां डीके जोशी, सत्यवान गर्ग, अनिल वाल्मीकि, हरमीत सिंह ब?ैच, कदीर अहमद, जीत सिंह, रेशम यादव, नवदीप कंग, लीलाधर सैनी, बलवीर सिंह कालू, योगराज सैनी, रामप्रसाद, अनिल बिष्ट, पंचम सिंह, नितिन बिष्ट रहे।

### दो पक्षों की मारपीट में 4 महिलाओं समेत सात घायल

काशीपुर। ग्राम धूरिया हरसान में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें 4 महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। पी?ित पक्ष ने कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार रात ग्राम धूरिया हरसान में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में चरण सिंह, कृष्ण सिंह, राहुल, गुड्डो देवी, ललिता, गोमती और गंगा को चोटें आई है। चरण सिंह ने शुक्रवार को 6 लोगों समेत अन्य के खिलाफ तहरीर सौंपी है। आरोप है ये लोग उसके घर में घुस गए। लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

# पीएम मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत का मान सम्मान बढ़ा : सीएम धामी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टनकपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खाटू श्याम दरबार के दर्शन कर टनकपुर में खाटू श्याम मित्र मंडली के तत्वाधान में उत्सव गार्डन में खाटू श्याम जागरण में दीप प्रज्वलित कर प्रतिभाग किया । मुख्यमंत्री धामी ने देर शाम खाटू श्याम के दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश जनता के सुख और समृद्धि शांति की कामना की। वहीं दर्शन के तत्पश्चात खाटू श्याम मित्र मंडली द्वारा आयोजित भजन संध्या एवं भव्य खाटू श्याम जागरण में देश के प्रसिद्ध कलाकार राहुल राज म्यूजिकल ग्रुप, मास्टर बॉबी, दिल्ली साक्षी अग्रवाल , राजस्थान अजय सिंह बीकानेर , खाटू श्याम के भजन गाकर दर्शकों का मन मोह लिया।

वहीं बाबा खाटू श्याम जी का जय का उदघोष करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि जो मुझे यहां बाबा के भक्ति में विशिष्ट कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे मुझे यहां बाबा के दर्शन करने का मौका मिला यहां आकर सुखद लग रहा है जितने लोग भी इस दरबार में आए हैं उन्हें भक्ति में रस प्राप्त होगा



उन्होंने कहा कि आप सभी पर बाबा की कृपा बनी रहे जिस पर भी बाबा की कृपा होगी वह इस दरबार में दर्शन के लिए आएगा,मुझ पर भी यह कृपा बनी अभी मैं आज इस दरबार में पहुंचा बाबा सभी पर कृपा बनाए रखेंगे राज्य, देश, विश्व का कल्याण करें। उन्होंने कहा कि बाबा की महिमा असीम है मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर से बाबा खाटू श्याम राजस्थान तक बस सेवा का संचालन किया गया है जिससे यहां के भक्तों को बाबा के दर्शन आसानी से हो रहे हैं शीघ्र ही देहरादून से भी बाबा खाटू श्याम के लिए बस सेवा संचालित की जाएगी । उन्होंने कहा कि आज मुझे इन्हीं के आशीर्वाद से प्रदेश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नौ वर्ष का सफल कार्यकाल रहा है इन 9 वर्षों में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। भारत दुनिया का ,श्रेष्ठ, समरथ भारत बनने जा रहा है भारत के प्रति लोगों की श्रद्धा बड़ी है इस क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं टनकपुर से बागेश्वर तक रेल लाइन के निर्माण की कार्यवाही गतिमान है। मां पूर्णागिरि शारदा घाट समेत अनेक मंदिरों का सुंदरीकरण विकास कार्य करने के साथ ही यहां के विभिन्न धार्मिक स्थलों को मानसखन्ड माला में शामिल किया गया है उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरि मेला वर्ष भर संचालित किए जाने में भी कार्य हो रहा है टनकपुर में आईएसबीटी पार्किंग निर्माण गेस्ट हाउस निर्माण समेत अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं अन्त में उन्होंने कार्यक्रम आयोजन हेतु सभी को बधाई दी। इस अवसर पर रोहिताश अग्रवाल ,मुख्य यजमान महेंद्र बंसल राजीव अग्रवाल संजीव अग्रवाल संजय गर्ग राकेश अग्रवाल अनुज अग्रवाल मनविंदर छाबरा वैभव अग्रवाल राजीव अग्रवाल संजय अग्रवाल पंकज अग्रवाल, मुकेश गोयल, जयश्याम अग्रवाल, सुनील शरन ,गोपाल शरन, दीनदयाल अग्रवाल, रिपुदमन तड़ागी, सहित आदि लोग मौजूद थे।





## सीएम धामी ने जनता,विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर सुनी समस्याएं

जनपद चंपावत भ्रमण के द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एनएचपीसी विश्राम गृह बनबसा में क्षेत्रीय जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं,विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिले और उनसे वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जलभराव की समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने उपजिलाधिकारी टनकपुर को मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भाजपा हेमा जोशी, जिला महामंत्री भाजपा पूरन मेहरा, अध्यक्ष नगर पालिका टनकपुर विपिन कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत बनबसा रेनू अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश भट्ट, उप जिलाधिकारी टनकपुर सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरक्षा सहित विज्ञापन और पेंशन के मुद्दों पर सीएम से मिला एनयूजे (आई) का प्रतिनिधिमंडल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। पत्रकारों की सुरक्षा, पेंशन प्रकरण तथा विज्ञापन और पोर्टल के लिए नियमावली बनाने सहित कई मुद्दों पर एनयूजे आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी के नेतृत्व मे प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उन्हे ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि प्रदेश मे पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाये जाने की जरूरत है। पूर्व मे पंत नगर मे आयोजित सम्मेलन मे सीएम ने कानून बनाने का भरोसा दिया था, जिसका सभी संगठनों ने स्वागत भी किया था। पत्रकारों के साथ होने वाली घटना को पुलिस समान्य घटना के तौर पर दर्ज करती है और फिर यह फाइल मे दब जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य मे पत्रकार रजिस्टर बनाया जाय और डेस्क पर कार्य कर रहे पत्रकारों को भी मान्यता दी जाय।

सरकार समाचार पत्र और चैनलों को मान्यता देती है, लेकिन उनकी संख्या कम होती है। वास्तविक रूप से कार्य कर रहे पत्रकारों का पंजीकरण होने से फर्जी पत्रकारों पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि फर्जी पत्रकारों की संख्या बढ़ने से असली पत्रकार खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। न्यूज पोर्टल के लिए भी नियमावली बनाई जाए। अन्य राज्यों मे इस तरह की व्यवस्था है। उन्हे विज्ञापन और मान्यता देकर पोर्टल की बाढ़ से बचा जा सकता है। उन्होंने विज्ञापन मान्यता के लिए नियमों को शिथिल करने तथा पेंशन के लिए नियमों मे ढील देने की आवश्यकता है।

पेंशन के लिए डेढ़ लाख की आय सीमा को बढ़ाकर 5 लाख करने, सभी पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा कराने और पत्रकारों को सरकारी अतिथि गृहों मे दो दिन तक निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की जाए। सीएम ने सभी मांगों पर विचार का अश्वाशन दिया। प्रतिनिधिमंडल मे राष्ट्रीय अध्यक्ष रास विहारी, मुख्य सरंक्षक ब्रह्म दत्त शर्मा, राम चंद्र कन्नौजिया, प्रदेश अध्यक्ष संजय तलवार, महामंत्री वीरेंद्र भारद्वाज,मुकेश वत्स, मनोज पांडे तथा प्रवीन चोपड़ा मौजूद थे।

## एविएशन कंपनियों के दफ्तरों में जीएसटी टीम ने की छापेमारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के लिए हवाई सेवा दे रही एविएशन कंपनियों के दफ्तरों में जीएसटी टीम ने छापामार कार्रवाई की है। देहरादून में स्थित दफ्तरों में हुई ताबड़तोड़ छापेमारी से हवाई कंपनियों में हड़कंप मचा हुआ है।घंटों से जारी कार्रवाई में टीम द्वारा कुछ दस्तावेजों को जब्त किया गया, वहीं कंपनियों के कंप्यूटर भी खंगाले गए।

सूत्रों के मुताबिक अधिकांश कंपनियों के मालिक अथवा प्रबंधक जीएसटी की टीम के अधिकारियों के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। यह पहला मौका है जब जीएसटी टीम ने उत्तराखण्ड में एविएशन कंपनियों के दफ्तरों में एकसाथ छापेमारी की इतनी बड़ी कारवाई की है। कहा जा रहा है कि इन कंपनियों द्वारा की जा रही जीएसटी चोरी की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं।

## समान नागरिक संहिता पर अभी तक बेसिक कंसल्टेशन का कार्य हो चुका है पूरा : यूसीसी अध्यक्ष

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) श्री ऋतुराज अवस्थी से उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। मीडिया से अनौपचारिक संवाद के दौरान यूसीसी की अध्यक्ष श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने जानकारी दी कि उन्होंने आज उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के संबंध में अभी तक हुए कार्य की सामान्य जानकारी राष्ट्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष के साथ सांझा की।

श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने बताया कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर अभी तक बेसिक कंसल्टेशन का कार्य हो चुका है। यूसीसी पर काफी काम किया जा चुका है। राज्य में समान नागरिक संहिता के सभी हितधारकों से चर्चा की जा चुकी है। यूसीसी की उप समितियों ने विभिन्न धर्मो, समुदायों, हितधारको तथा वर्गों से इस संबंध में विचार विमर्श किया है। सभी राजनीतिक दलों के साथ भी इस संबंध में बैठक कर ली गई है तथा उनके सुझाव प्राप्त कर लिए गए हैं। श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने कहा कि हमारी अपेक्षा है यूसीसी पर बनाया गया हमारा ड्राफ्ट सभी को पसंद आए। यूसीसी पर अभी हमारी बैठके निरंतर जारी हैं। इस दिशा में हमें सभी समुदायों का सहयोग मिल रहा है।

## नैनीताल में सैलानियों की भीड़, रेंगते रहे पर्यटक वाहन

नैनीताल। नैनीताल में वीकेंड से पहले ही सैलानियों की भीड़ होने लगी है। शुक्रवार को सुबह से ही नैनीताल में काफी संख्या में पर्यटक पहुंचे। सडक़ों पर सैलानियों के वाहनों से जाम लगा रहा।

पर्यटक वाहनों की कतारें लगने पर वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया। दूसरी ओर शहर में वीआईपी मूवमेंट के चलते भी लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जून के शुरुआत से ही देश के विभिन्न स्थानों से सैलानियों ने नैनीताल का रुख करना शुरू कर दिया। शुक्रवार को सुबह से ही नैनीताल आने वाले पर्यटकों की भीड़ रही। इस दौरान दोपहर के बाद शहर के पार्किंग स्थल फुल होने लगे। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्यटक वाहनों को रूसी बाईपास में रोका। यहां भी लंबा जाम लग गया। पुलिस के अनुसार लगभग पांच सौ वाहन रूसी बाईपास पर रोके गए। इधर, शहर में पर्यटकों की भीड़ बढने पर मालरोड समेत अन्य दार्शनिक स्थलों पर खूब चहलपहल रही। सैलानियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। हालांकि जाम की स्थिति बनी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग

नैनीताल। शहर में पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बिना सत्यापन एवं अवैध कब्जे कर रहने वाले लोगों के सत्यापन को लेकर भाजपा के मंडल महामंत्री मोहित साह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा है। कहा गया है कि नगर में बाहर से आए लोग सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने घो?ा स्टैंड, रुकुट कंपाउंड, चार्टन लॉज, सात नंबर, हरिनगर आदि क्षेत्रों में वृह्द सत्यापन अभियान के साथ पंत पार्क में फ? लगा रहे बाहरी लोगों के मूल प्रमाण पत्र और लाइसेंस की जांच कराए जाने की मांग की है। कहा, कि बाहर से आए व्यक्ति शहर में बिना लाइसेंस के गाइड और टैक्सी चालक के रूप मे कार्य कर रहे हैं। इससे पर्यटन एवं शहर की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने मामले में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग की है।

### पेटेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की अपार संभावनाएं

नैनीताल। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट के अंतर्गत 'पेटेंट का कॅरियर पर प्रभाव' विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एग्जामिनर ऑफ पेटेंट एंड डिजाइन, पेटेंट ऑफिस कोलकाता, डीपीआईआईटी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार अर्णव भट्टाचार्य ने विचार रखे। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा का अधिकार एक महत्वपूर्ण अधिकार है। उन्होंने पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेड मार्क को विस्तार से समझाया। बताया कि इस श्रेणी में कैसे रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। कहा कि पेटेंट रजिस्ट्रेशन के ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न फॉर्म भरे जाते हैं। पेटेंट के क्षेत्र में विभिन्न प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से कॅरियर बनाया जा सकता है। यहां विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. जीवन उपाध्याय, अंकिता आर्या, पूजा जोशी, सुबिया नाज समेत कई शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### बेटियों के आंदोलन को दबाने की हो रही कोशिश

बागेश्वर। कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गोपा धपोला ने कहा कि देश की होनहार बेटियां चार माह से जंतर-मंतर पर अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठा रहीं थी। धरना पूरी तरह से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण था। उनके आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है। जिस पर कांग्रेस समझौता नहीं करेगी। शुक्रवार को स्थानीय एक होटल पर पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष धपोला ने कहा कि सांसद और कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर बेटियों ने आरोप लगाए हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो सकी है। देश की बेटियों की लड़ाई व्यक्तिगत नहीं है। उन्होंने शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायालय के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज हो सकी है।

### उपनल कर्मियों का धरना जारी

बागेश्वर। सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी नारेबाजी के साथ धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनके आंदोलन तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। कोरोनाकाल में उनकी जरूरत थी तो उन्हें नौकरी पर रख लिया। अब उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण वह परेशान हैं। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

### मीट मार्केट की छत बनी खतरे का सबब

बागेश्वर। कांडा मार्ग स्थित मीट मार्केट की छत इन दिनों बदहाल हो गई है। लिंटर से सीमेंट के टुकड़े टूटकर दुकान के अंदर गिर रहे हैं। कई दुकानों की तो सरिया दिखने लगी है। यदि समय पर सुध नहीं ली गई तो बड़ा हादसा होने से कोई नहीं रोक सकता है। पीड़ित दुकानदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर छत की मरम्मत करने की मांग की है। डीएम को भेजे ज्ञापन में दुकानदारों का कहना है कि मीट मार्केट में मीट विक्रेता की लंबे समय से दुकान क्षतिग्रस्त हो रही है। जिसे ठीक करवाने के लिए पूर्व में यहां तैनात जिलाधिकारी सहित पालिका में कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, फिर भी अभी तक दुकान की छत ठीक नहीं की गई है।

# संस्कृति और विकास को समर्पित रहा '9 वर्ष उत्कर्ष के' कार्यक्रम





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सूचना विभाग एवं एमडीडीए के संयुक्त तत्वाधान में बन्नू ग्राउंड, रेसकोर्स देहरादून में 5 दिवसीय '9 वर्ष उत्कर्ष के' विकास और संस्कृति का महोत्सव तथा देश के असीम विकास यात्रा कार्यक्रम में शुक्रवार को भी पुरे जोश एवं उमंग से जारी रहा। आज दो लोक गायकों की प्रस्तुति प्रमुख रही। इसके अलावा इस दौरान विभिन्न लोक कलाकारों तथा गायकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में आज दो लोक गायकों की प्रस्तुति रहीं। जिसमे पद्मश्री डॉ. प्रीतम भरतवाण ने ₹आहा ! सरुली मेरु जिया लगी गे तेरी रौत्याली मुखडी मा...₹, ₹मोहना तेरी मुरली बाजी₹ एवं कल्पना चौहान ने ₹तू है मेरी सासूर, ₹मैं घास कटुलु₹ जैसे प्रसिद्ध पहाड़ी गानों से लोगो का दिल जीता। इस दौरान युवाओं में खासा जोश देखा गया। कार्यक्रम परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टालों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बेचा गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक स्टोलों के माध्यम से ग्रामीण उत्तराखंड के खानपान को भी दर्शाया गया है। स्थानीय उत्पादों पर आधारित स्टॉल जैसे मंडुवे के मोमो, मँडुवे के बिस्कुट, पहाड़ी अंजीर के उत्पाद, रिंगाल के उत्पाद पुस्तकें , पहाड़ी दाल, बुरास एवं माल्टा का जूस, लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत अभियान, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, रोड, रेल, रोपवे कनेक्टिविटी, महिला सशक्तिकरण, सशक्त उत्तराखंड @25, प्रधानमंत्री आवास योजना, वंदे भारत एक्सप्रेस, भव्य दिव्य केदारनाथ जैसे विभिन्न पर विषयों पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। लोगों ने सेल्फी विद मोदी प्वाइंट में जाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल तस्वीर के साथ भी फोटो खिंचवाई। कार्यक्रम में लेजर शो के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकासशील योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी इस माध्यम से प्रदान की जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम में महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अगर निदेशक सूचना आशीष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक के.एस चौहान, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिसंबर 2024 तक कर्णप्रयाग चढ़ जाएगी रेलगाड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मसूरी। मसूरी पहुंचे उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के डीआरएम अजय नंदन ने कहा कि ट्रेन का यात्रा समय घटाने के लिए हमें ट्रैक पर बहुत काम करना है, जिसे चिह्नित किया जा रहा है। उम्मीद है कि 6 महीने में हम सभी काम पूरे कर लेंगे और वंदे भारत आधे घंटे पहले ही दून से आनंद विहार का सफर तय कर लेगी।

हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से आनंद विहार (दिल्ली) पहुंचने में आधा घंटा कम समय लेगी। यह बात उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के डीआरएम अजय नंदन ने कही। वे ओक ग्रोव स्कूल के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इसके बाद उन्?होंने आरएनएस संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि ट्रेन का यात्रा समय घटाने के लिए हमें ट्रैक पर जो काम करना है, जिसे चिह्नित किया जा रहा है। इसके सुखद परिणाम आयेंगे और सब कुछ ठीक रहा तो 6 महीने में हम सभी काम पूरे कर लेंगे और वंदे भारत आधे घंटे पहले ही दून से आनंद विहार का सफर तय कर लेगी। एक साल पहले बंद हुई मसूरी की रेलवे आउट एजेंसी के शुरू होने के सवाल पर अजय नंदन ने कहा कि शहर में आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत 6 टिकट बुकिंग प्वॉइट काम कर रहे हैं। इसके अलावा लबासना में भी पैसेंजर आरक्षण काउंटर है। पर्यटक इन स्थानों से टिकट बुक करा सकते हैं। इसलिए अब रेलवे आउट एजेंसी की जरूरत नहीं है।

डीआरएम ने कहा कि ऋषिकेश-कर्ण-प्रयाग जितने भी टनल है उन सभी पर एक साथ काम चल रहा। स्टेशनों का काम भी तेजी से चल रहा है।हमारी कोशिश दिसंबर 2024 तक काम पूरा करने की है। दून एक्सप्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि दून एक्सप्रेस ऋषिकेश से संचालित की जा रही है। अभी इसको देहरादून वापस लाने का कोई प्रस्ताव नही है। इस साल के बजट में 75 करोड़ रुपये का एक अंब्रेला प्रोविजन रखा गया है। इस प्रोविजन के तहत ओक ग्रोव स्कूल कोई भी विकास कार्य स्वीकृत कर सकते हैं।

# उत्तराखंड में कुल 2102 एकड़ भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। अभियान के पहले दिन तराई पश्चिमी वन प्रभाग में कोसी नदी के किनारे पर वन भूमि से अतिक्रमण कर बनाई गई दुकान, मकान और अन्य अवैध निर्माण को हटाया गया। पिछले 50 दिनों में उत्तराखंड में कुल 2102 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। इसमें 450 से अधिक मजारें शामिल हैं।

वन विभाग ने नदियों के किनारे से अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के पहले दिन 102 एकड़ भूमि को खाली कराया। विभाग की ओर से कब्जे हटाने के लिए एक से 15 जून तक दूसरे चरण का अभियान शुरू किया गया है।

नोडल अधिकारी पराग मधुकर धकाते ने एजेंसी संवाददाता को बताया अभियान के तहत राज्य की 23 नदियों को चिह्नित कर वन मुख्यालय की ओर से सभी डीएफओ को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। पता चला है कि कई स्थानों पर पक्के व कच्चे मकान बना लिए गए हैं। अभियान के पहले दिन तराई पश्चिमी वन प्रभाग में कोसी नदी के किनारे पर वन भूमि से अतिक्रमण कर बनाई गई दुकान, मकान और अन्य अवैध निर्माण को हटाया गया।

कुल 102 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। इसे मिलाकर पिछले 50 दिनों में उत्तराखंड में कुल 2102 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। इसमें 450 से अधिक मजारें शामिल हैं। नोडल अधिकारी ने बताया विभाग की ओर से शुरू किया गया अभियान आगे भी जारी रहेगा।

वन भूमि से अतिक्रमण हटाने में जिला प्रशासन और पुलिस का सहयोग लिया जा रहा है। विभाग को जानकारी मिली है कि देहरादून में सुसवा, जाखन, मालदेवता, रिस्पना, चोरखाला आदि क्षेत्रों में भी अतिक्रमण हुआ है। जल्द इसे हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कोर्स का हुआ शुभारम्भ

अल्मोड़ा। योग निलेनियम शोध संस्थान अल्मोड़ा एवं उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास एवं तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ कपिल शास्त्री, कुमाऊं प्रभारी भास्कर ओली, योगनिलेनियम के निर्देशक के डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह के सत्र में मुख्य अतिथि के कपिल शास्त्री ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का प्राण है। योग हमारे जीवन का मूलभूत आधार है। यह युगों से चली आ रही हमारे ऋषि-मुनियों की हमारे लिए एक असीम कृपा है। आयोजन के सचिव कमल कुमार बिष्ट, जसोद सिंह बिष्ट एवं निर्देशक डॉश प्रेम प्रकाश पांडे ने सयुक्त रूप से कपिल शास्त्री, सीमा जोहर एवं भास्कर ओली को अपनी परंपरागत संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक तांबे की गगरी को प्रतीक के रूप में देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विमला साही ने किया। जज प्रशिक्षण शिविर में सीमा जोहर, ज्योति, भास्कर ओली, कपिल शास्त्री, मनीष सिंह, नीतीश, अर्पिता और हर्षित ने प्रशिक्षण के दौरान योगासन के विभिन्न नियम, जज निर्णय में अंक देने का तरीके को समझाते हुए सभी जज के प्रतिभागियों को उनके मूलभूत आधार एवं किस प्रकार से उत्कृष्ट जजिंग की जा सकती है इन सभी पहलुओं को आज की तकनीकी आधार पर प्रोजेक्टर एवं लिखित एवं मौखिक रूप से सिखाया और समझाया। आयोजन के महासचिव एवं पतंजलि भारत स्वाभिमान के युवा प्रभारी कमल कुमार बिष्ट, रुप सिंह बिष्ट, पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी अल्मोड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आने वाले समय के लिए मील का पत्थर साबित होगी। आने वाली भावी पीढ़ी और योग साधकों के लिए एक अवसर और मंच प्रदान करने वाला आयोजन रहेगा। इस कार्यक्रम के सभी आयोजक मंडल के सदस्य गणों के इस कार्यक्रम आयोजित हेतु प्रयास की सराहना की। जज प्रशिक्षण में 45 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 21 छात्र-छात्राओं का चयन

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में आयोजित करिअर प्लेसमेंट ड्राइव 60 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न चरणों में परीक्षा दी। इनमें 21 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न कंपनियों के लिए हुआ। कैंपस के प्राचार्य प्रो. महावीर सिंह रावत ने बताया कि विवि परिसर में 30 मई से 1 जून तक आयोजित करिअर प्लेसमेंट में गुडग़ांव की प्लेसमेंट एजेंसी एनआईआईटी लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर संजीत सिंह, सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव वैभव चौहान, मार्केटिंग मैनेजर आईसीआईसीआई बैंक के रजत गुप्ता ने छात्र-छात्राओं का चयन किया। तीन चरणों में आयोजित परीक्षा के पहले चरण में शामिल 60 प्रतिभागियों का अंग्रेजी का विस्तृत टेस्ट लिया गया। चुने गए प्रतिभागियों का अगले चरण में साइकोमेट्रिक टेस्ट लिया गया और अंतिम चरण में साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन किया गया। जिसमें 21 प्रतिभागियों का चयन हुआ। चयनित छात्र-छात्राओं में गरिमा त्यागी, रितु कंडवाल, मोनिका पैन्यूली, प्रीति नेगी, आकांक्षा रावत, आकांक्षा असवाल, आयुषी श्रीवास्तव, अंजली सेमवाल, प्रीती जोशी, साक्षी, लकी शर्मा, आदर्श पाल, आयुष सिंह लिंगवाल, आयुष भट्ट आदि शामिल हैं। चयनित छात्र-छात्राओं को सभी ने शुभकामनांए दी। मौके पर प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. एसके कुडियाल, प्रो. गुलशन ढींगरा, प्रो. डीसी गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 2 गांवों से शुरू होगी स्वच्छिक चकबंदी की मुहीम, मंत्री गणेश ने दिए ये निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुकवार को कैंप कार्यालय में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभाग द्वारा अब तक किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को केंद्र पोषित एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने राज्य में मिलेट (श्रीअन्न) के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज लगातार मांग बढ़ रही है। कहा मिलेट्स के उत्पाद को किसान अधिक से अधिक उत्पादन करे इसके लिए सशक्त कार्य योजना बनाई जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मिलेट्स के क्षेत्र में जो राज्य बेहतर कार्य कर रहे हैं, वहां जाकर अध्यन किया जाए और उनके अनुभवों को राज्य में क्रियान्वयन किया जाए। मंत्री ने कहा मिलेट्स किसानों की आय बढ़ाने में यह अहम भूमिका निभायेगा। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा दलहन के उत्पादों को भी बढ़ाने के प्रयास किए जाए। मंत्री ने कहा भूमि की उत्पादक क्षमता बनी रहे ।इसके लिए प्रेस्टीजसाइज का कम से कम इस्तेमाल हो इसके लिए अधिकारियों को एक दीर्घकालिक रणनीति बनाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा प्रेस्टीसाइज के इस्तेमाल से उत्पादन तेजी से होता है,लेकिन भूमि की उर्वरक क्षमता कम हो जाती है। मंत्री ने अधिकारियों को प्रेस्टीसाइज का इस्तेमाल कम हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने जैविक खेती, एवं परंपरागत फसलों की ओर किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को बंदरों समेत दूसरे वन्य जीवों से फसल क्षति की समस्या के निराकरण के लिए ठोस नीति बनाई जाए। जिससे कृषकों की फसलों के नुकसान को सुरक्षित किया जा सके।मंत्री ने कहा प्रदेश में एफपीओ अच्छा कार्य कर रही है।

उन्होंने एफपीओ को बढ़ाएं जाए जाने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो फसलें बिलुप्फ हो रही है उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री कृषि योजना के पर ड्राप मोर क्राप घटक के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध जल के माध्यम से सिंचाई सुनिश्चित करते हुए कृषकों की भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंक्लर ) की स्थापना की जाय। उन्होंने कहा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित की जाय। मंत्री ने कहा प्रदेश में एफपीओ अच्छा कार्य कर रही है।

उन्होंने एफपीओ को बढ़ाएं जाए जाने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो फसलें बिलुप्फ हो रही है उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री कृषि योजना के पर ड्राप मोर क्राप घटक के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध जल के माध्यम से सिंचाई सुनिश्चित करते हुए कृषकों की भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंक्लर ) की स्थापना की जाय। उन्होंने कहा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित की जाय।मंत्री ने कहा प्रदेश में एफपीओ अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने एफपीओ को बढ़ाएं जाए जाने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो फसलें बिलुप्फ हो रही है उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री कृषि योजना के पर ड्राप मोर क्राप घटक के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध जल के माध्यम से सिंचाई सुनिश्चित करते हुए कृषकों की भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंक्लर ) की स्थापना की जाय। उन्होंने कहा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित की जाय। मंत्री ने कहा प्रदेश में एफपीओ अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने एफपीओ को बढ़ाएं जाए जाने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा जो फसलें बिलुप्फ हो रही है उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री कृषि योजना के पर ड्राप मोर क्राप घटक के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध जल के माध्यम से सिंचाई सुनिश्चित करते हुए कृषकों की भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंक्लर ) की स्थापना की जाय। उन्होंने कहा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित की जाय।

# सत्यापन न करवाने पर कार्रवाई कर वसूला 12 लाख का संयोजन शुल्क

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेशभर में बाहरी प्रान्तों से निवासरत कर्मचारी,घरेलू नौकर, किरायेदार, फड-फेरी, रेडी-ठेली संचालकों आदि के सत्यापन हेतु माह अप्रैल-2023 से अभियान चलाया जा रहा है।सत्यापन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्री अर्पण यदुवंशी द्वारा जनपद में निवासरत बाहरी व्यक्तियों के शत्-प्रतिशत सत्यापन हेतु प्रत्येक थाना स्तर पर टीमें गठित कर पुलिस सत्यापन करवाए जा रहे हैं।अभियान के अंतर्गत उत्तरकाशी पुलिस द्वारा अब तक 4334 बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन किये गये हैं, सत्यापन के तहत चालानी कार्रवाई करते हुये अभी तक 115 चालान 81 पुलिस एक्ट में कर 11,50,000 रु0 व 83 पुलिस एक्ट के तहत 216 चालान कर 54,000 रु0 का संयोजन शुल्क वसूला गया।एस0पी0 उत्तरकाशी द्वारा आम जनता से अनुरोध किया गया है कि अपने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन जरुर करवाएं, पुलिस सत्यापन से आपके किरायेदारों,नौकरों व कर्मचारियों का चाल-चलन का आंकलन किया जाता है, जो कि अपराध नियंत्रण के लिये बेहद उपयोगी है। सत्यापन न करवाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।उन्होंने कहा कि नागरिक घर बैठे भी उत्तराखण्ड पुलिस एप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन करवा सकते हैं। सत्यापन के समय अपने मूल निवास से सम्बन्धित ग्राम प्रधान व थाने की रिपोर्ट तथा शपथ पत्र जरुर संलग्न करें।

# ये सरकारी कर्मचारी ले सकेंगे चाइल्ड केयर लीव, प्रोबेशन अवधि वाले कर्मचारी हकदार नहीं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड सरकार के एकल महिला एवं पुरुष अभिभावक कर्मचारी भी अब बाल्य देखभाल अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) के हकदार हो गए हैं। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में यह प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। बृहस्पतिवार को सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने इसका आदेश जारी कर दिया है।एकल पुरुष अभिभावक में वे सभी कर्मचारी आएंगे जो अविवाहित या विधुर या तलाकशुदा हैं और जिनके एक बच्चे की जिम्मेदारी अकेले उनके कंधों पर है।जारी आदेश के मुताबिक, राज्य सरकार की महिला कर्मचारी व महिला-पुरुष एकल कर्मचारी संतान की बीमारी अथवा परीक्षा आदि में देखभाल के लिए संपूर्ण सेवाकाल में दो वर्ष यानी 730 दिन का बाल्य देखभाल अवकाश ले सकेंगे।यह अवकाश 18 वर्ष की आयु तक केवल दो बड़े जीवित बच्चों के लिए मान्य होगा। 40 प्रतशित या उससे अधिक विकलांग बच्चों के मामले में आयु सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं होगा। यह अवकाश उपार्जित अवकाश की तरह स्वीकृत किया जाएगा और इसी की तर्ज पर इसका खाता रखा जाएगा। मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश बाल्य देखभाल अवकाश में शामिल माने जाएंगे।जनहित और प्रशासकीय कार्यों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी किसी कर्मचारी को एक बार में पांच दिनों से कम व 120 दिनों से अधिक अवधि का अवकाश मंजूर नहीं करेगा। एकल महिला सरकारी कर्मचारी को एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम छह बार व अन्य पात्र महिला-पुरुष कर्मचारी को एक कैलेंडर वर्ष में तीन बार अवकाश मिलेगा। 365 दिन के अवकाश का उन्हें पूरा वेतन मिलेगा। अगले 365 दिनों में उन्हें मंजूर अवकाश का 80 प्रतिशत ही वेतन दिया जाएगा।इन संस्थाओं के कर्मियों को भी मिलेगा अवकाशकई विभागों के राजकीय व सहायता प्राप्त शिक्षण, प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के पात्र महिला पुरुष सरकारी शिक्षकों (यूजीसी, सीएसआईआर व आईसीएआर के पदों को छोड़कर) व सहायता प्राप्त शिक्षण व प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं को शिक्षणेतर पात्र कर्मचारी परोबेशन अवधि वाले कर्मचारी हकदार नहीं।परिवी-क्षाकाल (प्रोबेशन) में रहने के दौरान कर्मचारी बाल्य देखभाल अवकाश के हकदार नहीं होंगे, लेकिन जिन विभागों की सेवा नियमावली में प्रोबेशन पीरियड के दौरान बाल्य देखभाल अवकाश की व्यवस्था है, वहां यह तीन महीने से अधिक नहीं दिया जा सकेगा।

**गुण-दोष के आधार पर कम भी हो सकता है अवकाश**

विशेष परिस्थितियों में नियुक्ति प्राधिकारी गुण-दोष के आधार पर कम से कम अवधि का बाल्य देखभाल अवकाश मंजूर करने पर भी विचार कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### योग थैरेपी कैंप का 150 से ज्यादा रोगियों ने उठाया लाभ

ऋषिकेश। हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में छह दिवसीय योग थैरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आने वाले रोगियों के लिए पंजीकरण और स्वास्थ्य परामर्श पूरी तरह निशुल्क रहेगा। अब तक करीब 150 से ज्यादा रोगी शिविर का लाभ ले चुके हैं। शनिवार को निशुल्क शिविर का आखिरी दिन है। हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) के प्रिसिंपल डॉ.अजय दूबे ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है, इसी कड़ी में हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट की योगा ओपीडी में 29 मई से छह दिवसीय विशेष योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 8:30 से शाम 4:30 बजे तक लग रहा है। शुक्रवार को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित करीब 150 से ज्यादा रोगी शिविर में परामर्श के लिए पहुंचे। डॉ.अजय दूबे ने बताया कि योगा ओपीडी में आए रोगियों को जरूरत के मुताबिक हिमालयन हॉस्पिटल के कंबाइंड थैरेपी सेंटर में भी स्वास्थ्य उपचार दिया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए 01352471137, 8871138001 पर संपर्क कर सकते हैं। शनिवार को शिविर का आखिर दिन है।

### ऑटो पलटने से चार लोग जख्मी

ऋषिकेश। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एक बुजुर्ग को बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। इस दौरान बुजुर्ग के साथ ही ऑटो में सवार राजस्थान की तीन महिला यात्री भी जख्मी हो गई। घायलों को आसपास के लोगों ने निजी वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित योगनगरी रेलवे स्टेशन से एक ऑटो सवारियां लेकर निकला। मार्ग पर अचानक गोपाल, निवासी नेहरूग्राम ऋषिकेश ऑटो के सामने आ गए। उन्हें बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। जिसकी चपेट में आकर गोपाल गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ऑटो सवार सीता देवी पत्नी बाबूलाल, मनभर पत्नी मुरलीधर और भावरी देवी पत्नी रामलाल सभी निवासी राजस्थान घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल निजी वाहन से सरकार चिकित्सालय पहुंचाया, जहां बुजुर्ग गोपाल की हालत नाजुक बनी हुई थी।

### समुदाय विशेष की युवतियों को ब्लैकमेल कर फंसाने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

विकासनगर। कुछ धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने एसडीएम विकासनगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया कि एक समुदाय के लोग समुदाय विशेष की किशोरियों और युवतियों को अश्लील वीडियो और फोटो खींचकर ब्लैकमेल कर अपने जाल में फंसाया जा रहा है। यही नहीं आरोपी किशोरियों और युवतियों को जबरन धर्म परिवर्तन करने को मजबूर कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ शीघ्र सख्त कानूनी कार्रवाई की जाय। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में संगठनों से जुडे लोगों ने कहा कि देहरादून रोड स्थित एक इलेक्ट्रिकल की दुकान से एक गिरोह चलाया जा रहा है। बताया कि गिरोह के लोग किशोरियों व युवतियों को अपने जाल में फंसाया जा रहा है। बताया कि आरोपी किशोरियों और युवतियों का अश्लील वीडियो बनाकर और फोटो खींच कर उन्हे ब्लैकमेल किया जा रहा है। बताया कि गिरोह से जुड़े एक आरोपी ने एक युवती का पीछा कर उसके साथ छेडख़ानी की। यही नहीं आरोपी युवती को ब्लैकमेल कर रहे हैं। संगठनों ने ऐसे गिरोहों और लोगों की एसटीएफ से जांच करवाकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में गिरीश डालाकोटी, शुभम सकलानी, गौरव कुमार, प्रदीप कुमार, विपिन कुमार (लक्की), विशाल, रवि, भूपेंद्र, विष्णु आदि शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया यूपी के मेडिकल व सहकारी संस्थानों का भ्रमण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इन दिनों उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के महा जनसम्पर्क अभियान में जुटे हुये हैं। इस दौरान जहां उन्होंने विभिन्न जनपदों में आयोजित जनसम्पर्क अभियान में प्रतिभाग कर मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई वहीं उन्होंने आज बस्ती जनपद में स्वास्थ्य एवं सहकारिता से संबंधित संस्थानों का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ-साथ महाविद्यालय के संचालन संबंधी जानकारी हासिल की।

इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व सांसद हरीश द्विवेदी भी मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होंने जिला सहकारी बैंक बस्ती का भ्रमण कर सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर बैंक प्रबंधन से चर्चा की।कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि उन्होंने महा जनसम्पर्क अभियान के दौरान आज उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद में चिकित्सा व सहकारिता से संबंधित संस्थानों का भी भ्रमण किया।

जिसके अंतर्गत उन्होंने महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर वहां पर दी जा रही विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन तंत्र, स्टॉफ तथा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। भ्रमण के दौरान डा. रावत ने वहां भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से भी संस्थान द्वारा किये जा रहे उपचार एवं सुविधाओं को लेकर बातचीत की। मेडिकल कॉलेज भ्रमण के दौरान डा. रावत के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, सांसद हरीश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष भाजपा महेश शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजा नंद राय सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके उपरांत डा. रावत ने जिला सहकारी बैंक बस्ती का दौर किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी व बैंक के अधिकारियों से मुलकात कर बैंक के संचालन एवं सहकारिता से संबंधित क्रियाकलापों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डा. रावत ने उन्हें उत्तराखंड में सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया।

## संपादकीय



### 'दोस्ती' में चौकसी

भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहे हैं, लिहाजा रोटी और बेटी के रिश्ते स्वाभाविक हैं। नेपाल प्राचीन 'अखंड भारत' का ही एक हिस्सा था, लेकिन अब नेपाली राजनीतिज्ञ और आम नागरिक भी इस 'ऐतिहासिकता' से चिढ़ते हैं। अब मानचित्र के आधार पर भी रिश्तों के विश्लेषण किए जा रहे हैं। बल्कि भारत के ही कुछ हिस्सों पर नेपाल आजकल दावा जताने लगा है। यह एक नई किस्म का विवाद पैदा किया जा रहा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा-अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भारत आए हैं। बीती दिसंबर में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड ने अपना पहला विदेशी प्रवास भारत में किया है। प्रचंड का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों और संवाद की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है, क्योंकि 2008 में पहली बार नेपाली प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड की प्राथमिकता चीन की ओर थी। शायद कम्युनिस्ट होने के कारण भी उनकी सोच चीन-केंद्रित थी, लेकिन तब से लेकर आज तक भारत-नेपाल-चीन के समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। भारत और चीन के संबंधों में कड़वाहट है। तनाव है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी के संघर्ष के बाद टकराव और ज्यादा बढ़ा है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिक लंबे अंतराल से एक-दूसरे के सामने तैनात हैं। चीन घुसपैठ और अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहा है। नेपाल लगातार महसूस करता रहा है कि वह दो महाकाय और शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच फंस गया है।एक और समीकरण नई मुश्किलें और पेचीदगियां पैदा कर रहा है। नेपाल अमरीका और चीन के बीच नए 'रणनीतिक युद्धक्षेत्र' के तौर पर उभर रहा है। अमरीका ने नेपाल को 50 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया है, लेकिन नेपाल ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' आदि के तहत चीन के साथ जिन परियोजनाओं के समझौतों पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, अब उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का दबाव चीन बढ़ा रहा है। नेपाल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि उसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दिल्ली और बीजिंग से अच्छे और निर्बाध संबंध बरकरार रखना काठमांडू की मजबूरी है। प्रधानमंत्री प्रचंड इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर भारत आए हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## शुक्रवार को भीमताल भ्रमण पर रहे राज्यपाल

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शुक्रवार को भीमताल के भ्रमण पर रहे। उन्होंने भीमताल में बने रॉक हिल इन और महाजन होम स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने होम स्टे संचालकों से जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन उत्तराखण्ड की आर्थिक गतिविधियों का आधार है। होम स्टे योजना पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को होम स्टे में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। सी.डी.ओ डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि इस वर्ष तक कुल 900 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके है जिनकी संख्या गत वर्ष में 200 थी। इस पर राज्यपाल ने सी.डी.ओ की प्रशंसा की और कहा कि इसमें निरंतर और अधिक वृद्धि की जाए।

राज्यपाल ने एमडी कुमाऊं मंडल विकास निगम, डॉ. संदीप तिवारी से कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानों में केएमवीएन की अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाएं। उन्होंने मानसखण्ड क्षेत्रों में होम स्टे के लिए अधिक लोगों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को यहां अधिक से अधिक गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें देश एवं विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के प्रयास करना होगा। इस दौरान राज्यपाल ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर भीमताल क्षेत्र की चुनौतियों व समस्याओं पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि हमें ग्राम स्तर तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास करना होगा जिससे प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि हमें अधिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निजी हितधारकों का सहयोग लेना होगा और उन्हें उनके व्यवसाय हेतु हर संभव सहायता प्रदान कि जाय। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की।

भीमताल भ्रमण के दौरान टीआरएच भीमताल में राज्यपाल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें

### मौसम की मार किसानों पर पड़ी भारी

विकासनगर। पिछले कई दिनों से रोजाना हो रही बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा, जिससे क्षेत्र में सर्दी भी बढ़ गयी और किसानों की फसलों को नुकसान हुआ। शाम पांच बजे के आसपास चकराता ब्लॉक जाड़ी सिजला, टाईगल फॉल, रावना पाटी, बुरास्वा मयरावना आदि क्षेत्र में जोरदर ओलावृष्टि हुई है। जिससे लोगों की फसलों को तो नुकसान हुआ है। साथ ही क्षेत्र में सर्दी भी बढ़ गयी है। शुक्रवार सुबह चकराता में हल्की बूंदाबांदी हुई उसके बाद पूरा दिन धूप की आंख मिचौनी चलती रही, लेकिन शाम को चकराता के समीप कई गांवों में ओले पड़े और तेज तूफान भी चला। लगातार हो रही बारिश ओलावृष्टि से तापमान में भी भारी गिरावट आई है। शुक्रवार चकराता का अधिकतम तापमान 16 डिग्री व न्यूनतम 12 डिग्री पर रहा तापमान में गिरावट आने से लोगों को जनवरी जैसी सर्दी का अहसास हुआ। लोगों ने सर्दी से बचने को मोटे कपड़े पहने। पर्यटक बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीददारी करते दिखे व मौसम का यह मिजाज देख हैरान नजर आए। इस बेमौसमी बारिश ओलावृष्टि और तूफान से फसलें भी प्रभावित हो रही हैं इन दिनों आने वाले लोकल फल पुलम, खुमानी, आड़ू, नाशपती, के साथ मटर, टमाटर, अरबी अदरक व सेब की फसल भी प्रभावित होने का अंदेशा बना हुआ है।

### प्रशासन और जन प्रतिनिधियों की गलती से मंडरा रहा शहर पर खतराः नवप्रभात

विकासनगर। हरबर्टपुर, विकासनगर में नदी नालों की जमीन के नाम पर बस्तियों को उजाड़ने के निर्णय को पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने इसे स्थानीय प्रशासन समेत जन प्रतिनिधियों की गलती करार दिया। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने कोर्ट में सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किए, जिसका खामियाजा सदियों से बसी बस्तियों के बांशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सही तथ्य पेश करने पर जनता को जरूर न्याय मिलेगा।नवप्रभात ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश नदी पर हुए अतिक्रमण को खाली कराने के लिए किए गए हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा गलत तथ्य पेश किए जाने से विकासनगर, हरबर्टपुर की जनता के सामने संकट पैदा हो गया। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है, शहर की सदियों पुरानी बस्तियों पर उजड़ने का खतरा मंडरा रहा है, बावजूद इसके स्थानीय जन प्रतिनिधि अपना दायित्व स्वीकार नहीं कर रहे हैं। प्रशासन ने इस मामले में छह माह पहले नोटिस जारी कर दिए थे। लेकिन जन प्रतिनिधियों और सरकार के नौकरशाहों ने कोर्ट में सही तथ्य प्रस्तुत कर कर गलती सुधारने की जहमत नहीं उठाई। पूर्व काबिना मंत्री ने कहा कि जिस जगह पर दो सौ साल से पहले नदी बहती थी, उस जगह का चिह्नीकरण नदी की भूमि के तौर पर किया गया, जबकि वर्तमान में यमुना विकासनगर शहर से साढ़े तीन किमी दूर बहती है। कहा कि उनकी छह पीढ़ी पहले के पूर्वजों ने विकासनगर शहर को बसाया था, तब यहां यमुना नहीं बहती थी। आर्य समाज मंदिर और तिलक भवन शहर के सबसे पुराने सार्वजनिक भवन हैं। इन भवनों को तो नदी में नहीं बनाया गया होगा। कहा कि अगर गलती हो गई है तो उसे सुधारना भी प्रशासन और जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों का है, लेकिन जनता के सिर पर छत उजड़ने का खतरा मंडरा रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सही तथ्य पेश करने पर जनता को जरूर न्याय मिलेगा।

### जल जीवन मिशन का टारगेट पूरा करने को फील्ड में दौड़ें इंजीनियरः सचिव पेयजल

देहरादून। सचिव पेयजल अरविंद सिंह ह्यांकी ने जल जीवन मिशन का टारगेट पूरा करने को इंजिनियरों को मौके पर जाकर काम करने के निर्देश दिए। खासतौर पर एसई स्तर के अफसरों को फील्ड में रह कर निगरानी करने को कहा। साफ किया की हर महीने का टारगेट बना कर काम पूरा किया जाए। वन विभाग से जुड़े सभी मसलों का तेजी से निस्तारण किया जाए। ताकि योजनाओं का काम न लटके। सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक में सचिव पेयजल ने कहा कि पेयजल एजेंसियां जल जीवन मिशन का काम तय समय में पूरा करें। सभी योजनाओं पर जल्द काम शुरू किया जाए। 15 दिन के भीतर सभी कार्यों का वर्क अवार्ड कर दिया जाए। जो योजनाएं वन विभाग की एनओसी न मिलने के कारण लटकी हैं, उनसे जुड़ी ओपचारिकताओं को जल्द पूरा कराया जाए। एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ काम शुरू किया जाए। बैठक में अपर सचिव उदयराज, सीजीएम नीलिमा गर्ग, मुख्य अभियंता एससी पंत आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड में एकल पुरूष अभिभावक को भी मिलेगी सीसीएल

देहरादून। उत्तराखंड में बाल्य देखभाल अवकाश (सीसीएल) अब से एकल अभिवावक पुरूष को भी मिलेगा। बच्चों के 40 फीसदी और अधिक दिव्यांग होने की स्थिति में सीसीएल के 730 दिन के अवकाश पूरे सेवाकाल में मान्य होंगे। पहले यह अवधि बच्चे के 22 साल की आयु पूरी कर लेने तक सीमित था। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने गुरूवार को सीसीएल के बाबत नई गाइड लाइन जारी की। कुछ समय पहले कैबिनेट में इस बाबत निर्णय किया गया था। नई व्यवस्था के अनुसार सीसीएल एक बार में पांच दिनों से कम और 120 दिनों से अधिक समय के लिए मंजूर नहीं होगा। यह व्यवस्था विभिन्न विभागों के राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षण, प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के पात्र महिला-पुरूष सरकारी शिक्षकों और शिक्षण कर्मियों पर भी लागू होगी प्रोबेशन काल में सीसीएल मान्य नहीं होगा। अपरिहार्य स्थिति में प्रोबेशन अवधि में सीसीएल तीन माह से अधिक नहीं मिलेगा। जावलकर के अनुसार सीसीएल के तहत कार्मिकों के पहले 365 दिनों में उन्हें अनुमन्य अवकाश वेतन का 100 प्रतिशत और अगले 365 दिनों में उन्हें अनुमन्य अवकाश वेतन का 80 प्रतिशत वेतन दिया जायेगा। जिन महिला सरकारी सेवकों द्वारा पूर्व से बाल्य देखभाल अवकाश लिया जा रहा है, के संबंध में यह प्रावधान अवकाश लेखे में बचे हुए अवकाशों पर ही नियमानुसार लागू होगा।

### विरोध की राजनीति के चलते देश का अपमान कर रही है कांग्रेसः महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि राजनैतिक लाभ के मोह और तुष्टिकरण की नीति के तहत कांग्रेस नेता देश का अपमान कर रहे हैं। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में भट्ट ने कहा कि जिस तरह प्रदेश कांग्रेस के नेता देवभूमि की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और डेमोग्राफिक पहचाने से जुड़े सरकार के कार्यों का विरोध कर राज्य की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, ठीक उसी तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश दौरे पर देश को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष बताने में नहीं थकते। इसके साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए देश में असुरक्षा बता रहे हैं।उन्होंने ऐसे बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है। भट्ट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और देश की तरक्की से इर्ष्या रखते हैं, जिसके चलते नफरत का एजेंडा चला रहे हैं।

# सुशासन के लिए सरकार कटिबद्ध, भ्रष्टाचार पर होगा प्रहार : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में जल्द होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने व रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। सर्किट हाउस काठगोदाम में मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में पर्यटन, तीर्थाटन, उद्योग, स्वास्थ्य, आईटी व अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं है।उन्होंने कहा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर सरकार बेरोजगारी दूर करने का प्रयास कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित कर वैश्विक समुदाय की औद्योगिक इकाइयों को उत्तराखंड में आमंत्रित किया जाएगा, जल्द ही इसकी तारीख भी तय कर ली जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।सी एम धामी ने कहा कि समिट के माध्यम से वैश्विक निवेशक समुदाय के साथ जुड़कर सरकार व निवेशक के पारस्परिक लाभ के लिए साझेदारी की जायेगी। राज्य में बेहतर निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है जिसका सर्वाधिक लाभ राज्य के युवा वर्ग को मिलेगा।उन्होंने कहा राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सरकारी विभागों में विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से जनता को समर्पित किया गया है। दूसरी ओर अधिकारियों की जवाबदेयता, जिम्मेदारी, पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए सरकार जन मिलन कार्यक्रम, भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए 1064 हेल्पलाइन नम्बर व विजिलेंस को अधिक सशक्त बनाया गया है।



# भाजपा के जन संपर्क अभियान मे सवा लाख घरों से मिस कॉल और समर्थन का लक्ष्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक लोकसभा में सवा लाख घरों से मिस कॉल के साथ जनसमर्थन लेने के लक्ष्य पर आगे बढ़ रही है ।इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने वर्चुअल बैठक लेते हुए बताया कि लोकसभा स्तर पर जिन 1000 विशिष्ट व्यक्तियों से संवाद कर समर्थन लिया जाएगा। उन्हें बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं धन्यवाद पत्र प्रेषित किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि इन सभी लोगों की जानकारी व फोटो सरल ऐप पर अपलोड भी की जाएगी।चुघ ने अभियान के सबसे महत्वपूर्ण चरण घर घर संपर्क को लेकर स्पष्ट किया कि प्रत्येक लोकसभा में सवा लाख परिवारों में जाकर मुखिया से मिस कॉल करवाई जाएगी । जिसमें केंद्रीय मंत्री, सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता अनिवार्य रूप में अपना योगदान देंगे ।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने सभी विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में सांगठनिक कार्यों को प्राथमिकता से लेने का आग्रह किया । उन्होंने स्पष्ट किया कि सांसदों व संबंधित क्षेत्र के विधायकों को मीडिया व सोशल मीडिया से जुड़े कार्यक्रमों में पूर्णतया अपने जनकल्याणकारी कार्यों को प्रस्तुत करना है । बैठक में अभियान के प्रदेश प्रभारी अश्वनी त्यागी ने सभी पदाधिकारियों को शीघ्र ही विशिष्ट व्यक्तियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, व्यापारी वर्ग, विकास तीर्थ एवं लाभार्थियों की सूची बनाने के निर्देश दिए हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश कार्यसमिति, जिले एवं मंडल कार्यसमिति, क्लस्टर गठन एवं प्रदेश स्तरीय मीडिया, सोशल मीडिया के कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने की जानकारी दी । उन्होंने आह्वान किया कि हमें प्रत्येक लोकसभा में अब तक के सर्वाधिक संख्या वाली रैलियों को आयोजित करना है जिसके लिए सांसद विधायकों एवं संगठन को समन्वय बनाकर कार्य करना है। इस वर्चुअल बैठक में प्रमुख वक्ताओं के अतिरिक्त प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ,पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी , आदित्य कोठारी ,कौस्तुभनन्द जोशी, मनवीर चौहान , आदित्य चौहान समेत विधायकों एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने शिरकत की ।



# मसूरी का जॉर्ज एवरेस्ट पर्यटकों के बीच घूमने का लोकप्रिय स्थान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जॉर्ज एवरेस्ट यह नाम माउंट एवरेस्ट की याद दिलाता है। क्योंकि इसके नाम के पीछे एवरेस्ट है, जितना यह सुनने और बोलने में शानदार है उतना ही यह असल में भी है। जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी के पास सबसे शानदार और खूबसूरत जगह में से एक है। जॉर्ज एवरेस्ट समुद्र तल से 2005 मीटर (6578 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

अगर आप मसूरी घूमने जाते हो तो आपकी सूची में जॉर्ज एवरेस्ट का नाम जरूर होना चाहिए। आज के समय में जॉर्ज एवरेस्ट युवा पीढ़ी के बीच एक लोकप्रिय जगह बन गयी है।

जॉर्ज एवरेस्ट पीक कैंपिंग, पिकनिक और एडवेंचर आउटिंग के लिए भी पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय जगह बनती जा रही है। जो भी पर्यटक मसूरी घूमने के लिए आता है वो जॉर्ज एवरेस्ट पर जाने की इच्छा जरूर रखता है। जॉर्ज एवरेसट से दिखने वाला नज़ारा सच में बेहद खूबसूरत और अद्भुत होता है। जिसे शब्दों में बता पाना मुश्किल है। जॉर्ज एवरेसट पीक से आप बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों का नज़ारा साफ़ देख सकते हो और यहां से आपको दून घाटी के अद्भुत दृश्य भी साफ़ दिखाई देते है।सर जॉर्ज एवरेस्ट का जन्म 4th जुलाई 1790 में हुआ था। उत्तराखंड के मसूरी में स्थित जॉर्ज एवरेस्ट हाउस जिसे एक प्रयोगशाला (laboratory) भी कहते है। यह जगह 1832 में सर जॉर्ज एवरेस्ट द्वारा बनाई गयी थी। जिनको 1830 में भारत के जनरल ऑफ सर्विंग के रूप में नियुक्त किया गया था। उसके बाद सर जॉर्ज एवरेस्ट ने 1832 "जॉर्ज एवरेस्ट पीक" के बारे में जाना और यही से सर जॉर्ज एवरेस्ट ने अपनी ट्रिगोनोमेट्रिक की मदद से सभी ऊंची चोटियों को मापने का काम शुरू कर दिया ऐसा उन्होंने इसलिए भी किया की जॉर्ज एवरेस्ट से सभी गढ़वाल की ऊंची चोटियों को आसानी से देखा जा सकता था।

हालांकि पहले माना जाता था कि पूरे विश्व में सबसे ऊंची चोटियां एनडीएस और कंचनजुंगा की है हिमालय की चोटियों के बारे में पहले लोगों को इतनी जानकारी नहीं हुआ करती थी। लेकिन सर जॉर्ज एवरेस्ट के ट्रिगोनोमेट्रिकल मेथड से उन्होंने सभी चोटियों की ऊंचाइयों को निकालना शुरू किया और यह साबित कर दिया की विश्व की सबसे ऊंची छोटी हिमालय की है। एक ख़ास बात आप सबने माउंट एवरेस्ट का नाम जरूर सुना होगा आपको यह बात जान कर खुशी होगी की माउंट एवरेस्ट का नाम भी सर जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर ही रखा गया था। और तो और भारत का नक्शा भी जॉर्ज एवरेस्ट हाउस में ही बनाया गया था। इस ही कारण से यह स्थान पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है।

